प्रस्तावित प्रणाली को बर्थ संख्या III या बर्थ संख्या IV में प्रचालित किया जाएगा। प्रस्तावित संदर्भ प्रशुल्क के संबंध में निर्णय करने के लिए वीओसीपीटी द्वारा विचार की गई कुल इष्टतम क्षमता 3.19 एमटीपीए है। यहां यह उल्लेख करना उपयुक्त प्रतीत होता है कि 3.19 एमटीपीए की इष्टतम क्षमता का मूल्यांकन करने के लिए, वीओसीपीटी ने दोनों बर्थो अर्थात III और IV की इष्टतम क्षमता का अलग-अलग मूल्यांकन नहीं किया है, यद्यपि, इसने या तो बर्थ संख्या III या फिर बर्थ संख्या IV या दोनों बर्थों पर हैंडल किए जाने वाले इस परियोजना के लिए प्रस्तावित उपकरण की परिकल्पना की है। वीओसीपीटी ने मामले पर कार्रवाई के दौरान यह निवेदन किया है कि अपने निर्धारित संदर्भ प्रशुल्क 3.19 एमटीपीए की इष्टतम क्षमता से अधिक हो जाने पर प्राधिकरण उसकी समीक्षा करे।

ऐसा होते हुए, जैसाकि वीओसीपीटी द्वारा दी गई सहमति में विनिर्दिष्ट किया गया है कि यदि किसी भी समय परियोजनावधि के दौरान, बीओटी प्रचालक द्वारा या तो बर्थ संख्या III या फिर बर्थ संख्या III और IV दोनों बर्थों पर हैंडल किया गया कार्गो 3.19 एमटीपीए की इष्टतम क्षमता से अधिक हो जाता है तो इस प्राधिकरण द्वारा संदर्भ प्रशुल्क की समीक्षा की जानी होगी और एक लाइसेंसधारी होने के नाते वीओसीपीटी को संदर्भ प्रशुल्क की समीक्षा करना सुनिश्चित करना चाहिए। इसलिए, वीओसीपीटी

को बोली देने के चरण के समय पर बोली दस्तावेज में सभी संभावित बोलीदाताओं को तथा रियायत करार में यह स्थिति पूर्ण रूप से स्पष्ट कर देनी चाहिए।

(vii) 60 प्रतिशत और 40 प्रतिशत के अनुपात में बर्थ पर ही क्रमश: होपरों के माध्यम से रेलवे वैगनों में कार्गो की निकासी और पत्तन उपयोक्ताओं के ट्रकों में कार्गो की निकासी के बीच वीओसीपीटी द्वारा बर्थ संख्या 4 के कार्गो के 3.19 मिलियन मीट्रिक टन की इष्टतम क्षमता की निकासी को पृथक किया गया है। तदनुसार, उक्त प्रतिशतता लागू करते हुए, 31,93,750 टन की कुल इष्टतम क्षमता को रेलवे वैगन में कार्गो की निकासी के लिए 19,16,250 टन (अर्थात 1.916 एमएमटी) और कार्गो बर्थ पर ही हॉपर का उपयोग करते हुए पत्तन उपयोक्ता के ट्रक में कार्गो का निकास करने के लिए 12,77,500 टन (अर्थात 1.278 एमएमटी) में पृथक किया गया है।

यह उल्लेख करना उपयुक्त होगा कि इस परियोजना के लिए मार्च 2015 के आदेश में, वीओसीपीटी के प्रस्ताव के आधार पर, इष्टतम क्षमता के निरसन पर वैगन/ट्रक लोडिंग प्रणाली के लिए 60% और पत्तन उपयोक्ता के ट्रकों के माध्यम से आवागमन के लिए 40% केरूपमें विचार किया गया है। संदर्भाधीन प्रस्ताव के अंतर्गत, वीओसीपीटी ने वैगन लोडिंग प्रणाली और पत्तन उपयोक्ता के ट्रक द्वारा कार्गो के आवागमन के लिए अंश की वही प्रतिशतता पर विचार किया है। कार्गो अंतरण की दोनों मोडो के बीच इष्टतम क्षमता की उपर्युक्त पृथकता पर विश्वास व्यक्त किया जाता है और विश्लेषण में इस पर विचार किया गया है।

(viii) पूंजी लागत :

वीओसीपीटी द्वारा अनुमानित पूंजी लागत का ₹14.42 करोड़ का अनुमान यांत्रिक उपकरणों के संबंध में है। वीओसीपीटी द्वारा अनुमानित ₹14.42 करोड़ की कुल पूंजी लागत में से, वीओसीपीटी ने रेलवे वैगन में कार्गो की निकासी के लिए ड्राई बल्क कार्गो हैंडलिंग के लिए ₹13.25 करोड़ पर विचार किया है और होपरों का प्रयोग करते हुए पत्तन उपयोक्ता के ट्रक के माध्यम से कार्गो की निकासी के लिए पूंजी लागत का अनुमान ₹1.16 करोड है। पूँजी लागत के ब्यौरे पर नीचे चर्चा की गई है:

(क) पत्तन ने ₹0.73 करोड प्रति हॉपर की यूनिट लागत पर 150 टन की क्षमता के कुल 4 हॉपरों का प्रस्ताव किया है। बर्थ पर विद्यमान पत्तन क्रेन/पोत क्रेन प्रस्तावित टायर-माउंटिड होपरों को फीड करेगी जोकि लगभग दो मिनट प्रति ट्रक के समय में सीधे ट्रकों को भरेगा। प्रत्येक पत्तन क्रेन/पोत क्रेन से कार्गो की निकासी के लिए एक समर्पित मोबाइल हॉपर रखने की परिकल्पना की गई है। 4 हॉपरों की कुल लागत ₹2.92 करोड का अनुमान लगाया गया है। कार्गो निकासी की इन दो प्रणालियों के बीच पृथक की गई कुल इष्टतम क्षमता के अनुपात पर विचार करते हुए, हॉपरों के लिए कुल पूंजी लागत का 60 प्रतिशत अर्थात ₹1.75 करोड़ वैगन लोडिंग के लिए आवंटित किए गए हैं और ड्राई बल्क कार्गो की हैंडलिंग के लिए आबंटित 40 प्रतिशत अर्थात ₹1.16 करोड़ की पूंजी लागत के रूप में विचार किया गया है।

(ख) 21 मार्च 2015 के आदेश में, पत्तन ने एक होपर की लागत का अनुमान ₹3 करोड लगाया था। जब वर्तमान प्रस्ताव में ₹0.73 करोड के घटे स्तर पर होपर की यूनिट दर का अनुमान लगाने के आधार के बारे में पूछा गया था, तो पत्तन ने उल्लेख किया कि गतिशील होपरों की धारण क्षमता को घटाकर 600 टन से 150 टन किया गया है। चूँकि होपरों की क्षमता में ¼ भाग की कमी आयी है, इसलिए वीओसीपीटी ने पूँजी लागत भी घटाकर ¼ भाग अर्थात ₹3 करोड से घटाकर ₹0.73 करोड कर दी है।

(ग) वैगन में कार्गो के अंतरण के लिए, ₹2.92 करोड की हॉपरों की पूंजी लागत के अलावा, वीओसीपीटी ने 600 टीपीएच की क्षमता के टेलीस्टेक नामक दो लोडिंग उपकरण का प्रस्ताव किया है। इस मामले में,

मौजूदा पत्तन क्रेनों/पोत क्रेनों के माध्यम से अथवा विकल्प के रूप में 100 टी एचएमटी के माध्यम से, जैसा भी मामला हो, पोत से कार्गो को पहले अनलोड किया जाएगा और उसके बाद प्रस्तावित मोबाइल होपरों को फीड किया जाएगा। एक-एक करके लगातार ट्रक टेलीस्टेक को फीड करते रहेंगे ताकि पूरे रेक की लोडिंग को पूरा किया जा सके। अत: वीओसीपीटी ने टेलीस्टेक के अलावा, प्रत्येक 20 टन की क्षमता वाले 10 कस्टोमाइज्ड ट्रकों का भी प्रस्ताव किया है। वीओसीपीटी ने दो टेलीस्टेक की कुल पूंजी लागत का अनुमान ₹9.00 करोड और दस ट्रकों की कुल लागत का अनुमान ₹2.50 करोड़ लगाया है। इस प्रकार, रेलवे वैगन में कार्गो के अंतरण के लिए अनुमानित कुल पूंजी लागत ₹13.25 करोड़ है। वीओसीपीटी द्वारा वैगन लोडिंग और ट्रक लोडिंग के लिए सुविचारित कुल पूंजी लागत ₹14.42 करोड उपर्युक्त के आधार पर तथा चूंकि उपकरण की संख्या पर पत्तन द्वारा जो विचार किया गया है, वह व्यावहार्यता रिपोर्ट के आधार पर है, और यह भी कि किसी भी उपयोक्ता/प्रत्याशित बोलीदाता ने किसी भी उपकरण की संख्या, वीओसीपीटी द्वारा प्रत्येक उपकरण की संख्या/क्षमता की अनुमानित पूंजी लागत के संबंध में कोई आपत्ति व्यक्त नहीं की है, इसलिए पत्तन द्वारा प्रस्तावित प्रत्येक उपकरण की संख्या/क्षमता पर विश्वास व्यक्त किया गया है।

(घ) वीओसीपीटी द्वारा अनुमानित ₹14.42 करोड की पूँजी लागत में विविध पूँजी लागत का अनुमान सम्मिलित नहीं है। 2008 के प्रशुल्क् दिशानिर्देशों में पूंजी लागत के 5 प्रतिशत पर विविध पूंजी लागत का आकलन करने के लिए मानदण्ड निर्धारित हैं। विविध पूंजी लागत निर्माण अवधि आदि के दौरान कार्यशील पूंजी लागत, ब्याज को वहन करने के लिए होती है। पत्तन ने पूँजी लागत पर 5% की दर से विविध पूँजी लागत पर विचार किया है अर्थात पत्तन उपयोक्ता के ट्रक में कार्गो अंतरण के लिए ₹66.26 लाख और रेलवे वैगन में कार्गो मूवमेंट के लिए ₹5.84 लाख, जो कुल मिलाकर ₹72.10 लाख की विविध पूँजी लागत है। वीओसीपीटी द्वारा पूँजी लागत के 5% की दर से सुविचारित विविध पूँजी लागत 2008 के दिशा-निर्देशों में निर्धारित मानदंडों के अनुरूप है।

इस प्रकार, कुल पूँजी लागत, जिसमें विविध पूँजी लागत सम्मिलित है, ₹15.14 करोड है। होपरों की पूँजी लागत को 60% और 40% के अनुपात में कार्गो निकासी की दो प्रणालियों के बीच बांटा गया है। ट्रकों और टेलीस्टेक से संबंधित मदों की पूँजी लागत वैगन लोडिंग प्रणाली के माध्यम से कार्गो निकासी के लिए समर्पित है। तद्नुसार, कुल पूंजी लागत का विसंयोजन ₹15.14 करोड रूपए है जिसमें वैगनों के माध्यम से कार्गो के संचलन के लिए ₹13.91 करोड रूपए और ट्रकों के माध्यम से कार्गो के संचलन के लिए ₹1.23 करोड है।

(ix) परिचालन लागत :

पत्तन ने दो कार्गो आवाजाही के लिए अर्थात बर्थ पर वैगन लोडिंग के लिए और ड्राई बल्क कार्गो की हैंडलिंग के लिए परिचालन लागत का अनुमान अलग से लगाया है, जिस पर नीचे चर्चा की गई है :

(क) ईंधन लागत :

(i) प्रचालन के 6132 घंटे की अवधि के लिए और प्रति लीटर ₹49.35 की दर से हॉपरों, टेलीस्टेक और ट्रकों के संबध में ईंधन लागत का अनुमान लगाया गया है।

(ii) 5 लीटर प्रति घंटा /प्रति होपर की दर से और 5 लीटर प्रति घंटा /प्रति टेलीस्टेक की दर से ईधन की खपत का अनुमान लगाया गया है। ट्रकों के

संबंध में वीओसीपीटी ने प्रति घंटे 2.4 लीटर पर ईंधन की खपत पर विचार किया है। यहां यह उल्लेख करना उपयुक्त प्रतीत होता है कि इस परियोजना के लिए प्रस्तावित उपकरणों के बेडे के लिए 2008 के दिशा-निर्देशों में ईंधन की किसी खपत के संबंध में कोई मानदड निर्धारित नहीं है। चूंकि वीओसीपीटी द्वारा ईंधन की खपत के संबंध में सुविचारित मानदण्ड कथित रूप से व्यावहार्यता रिपोर्ट पर आधारित हैं, अत: हॉपर, टेलीस्टेक और ट्रक के लिए वीओसीपीटी द्वारा सुविचारित ईंधन की खपत पर विश्वास व्यक्त किया जाता है और वीओसीपीटी द्वारा अनुमानित स्तर पर विचार किया गया है।

(iii) ₹49.35 प्रति लीटर की ईंधन की दर दस्तावेजी साक्ष्य पर मान्य है और इसलिए विश्लेषण में विचार किया गया है।

(ख) मरम्मत और अनुरक्षण

वीओसीपीटी द्वारा यांत्रिक उपकरण लागत पर 5% मरम्मत और अनुरक्षण लागत का आकलन किया गया है जो ड्राई बल्क टर्मिनल के लिए दिशानिर्देशों में निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप है और इसलिए स्वीकार किया गया है। हमारे विश्लेषण में विविध पूंजीगत लागत के घटक पर मरम्मत और अनुरक्षण लागत पर भी विचार किया गया है।

(ग) बीमा लागत एवं अन्य व्यय

वीओसीपीटी द्वारा बीमा लागत सकल नियत परिसंपत्तियों की 1% और अन्य व्यय नियत परिसंपत्तियों के सकल मूल्य के 5% पर आकलन किया गया है जो दिशानिर्देशों में निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप हैं। हमारे विश्लेषण में विविध पूंजीगत लागत सहित उपकरण की पूँजीगत लागत पर इन दोनों लागत घटकों पर विचार किया गया है।

(घ) मूल्यह्रास

दिशानिर्देशों के अनुसार, मूल्यह्रास की गणना कम्पनी अधिनियम में निर्धारित सीधी रेखा विधि (एसएलएम) के अनुसार मूल्यह्रास दरों का अनुपालन करते हुए की जानी चाहिए। वीओसीपीटी ने यांत्रिक और विद्युत लागत पर 6.33% की दर से मूल्यह्रास की गणना की है। विश्लेषण में इस स्थिति पर विश्वास व्यक्त किया गया है। हमारे विश्लेषण में विविध पूंजीगत लागतों का भाग बने उपकरण लागत के घटक पर मूल्यह्रास की भी गणना की गई है।

(ड) लाइसेंस शुल्क

(i) अपफ्रंट प्रशुल्क से संबंधित दिशानिर्देशों में यह विनिर्दिष्ट है कि पत्तन भूमि के लिए लाइसेंस शुल्क का आकलन संबंधित महापत्तन न्यासों के दर मानों में निर्धारित दरों के आधार पर किया जाना है।

(ii) प्रत्येक उपकरण द्वारा घेरे जाने वाले क्षेत्रफल के संबंध में पत्तन द्वारा लाइसेंस शुल्क का अनुमान लगाया गया है। वीओसीपीटी ने 10 मीटर * 10 मीटर के माप के 4 होपरों, 20 मीटर * 4 मीटर के माप के 2 टेलीस्टेक और 12 मीटर * 3 मीटर के माप के 10 ट्रकों के लिए लाइसेंस शुल्क का अनुमान लगाया है। वीओसीपीटी ने ₹355.65 प्रति वर्ग मीटर पर लाइसेंस शुल्क की यूनिट दर को अपनाया है, जो कि विद्यमान दरमानों के अनुसार दिखायी देती प्रतीत होती है।

(iii) लागत विवरण में, वीओसीपीटी ने ₹2.99 लाख का कुल लाइसेंस शुल्क दर्शाया है जिसमें पत्तन उपयोक्ता के ट्रकों में कार्गो निकासी के लिए ₹0.57 लाख और वैगन में कार्गो निकासी के लिए ₹2.42 लाख सम्मिलित हैं। यह देखा गया है कि वीओसीपीटी ने घेरे गए क्षेत्रफल के आधार पर प्रत्येक प्रकार के उपकरण के लिए लाइसेंस शुल्क का अनुमान लगाया है। पत्तन द्वारा लगाए गए पट्टा किराए के अनुमान पर विश्वास किया जाता है और सहमति व्यक्त की जाती है।

पत्तन ने वैगन के माध्यम से और ट्रकों के माध्यम से कार्गो निकासी के लिए क्रमश: 60:40 के अनुपात में लाइसेंस शुल्क के अनुमान के लिए होपरों के क्षेत्र का पृथक्करण किया है। टेलीस्टेक्स और ट्रकों के लिए लाइसेंस शुल्क रेलवे वैगन में कार्गो निकासी के लिए संगत है और इस प्रकार केवल कार्गो के इस विशेष आवागमन के लिए ही विचार किया गया है।

(च) उक्त विश्लेषण के आधार पर कुल प्रचालन लागत का आकलन रेलवे वैगन में कार्गो निकासी के लिए ₹382.76 लाख है, पत्तन उपयोक्ता के ट्रक में कार्गो अंतरण के लिए ₹46.03 लाख है, जो कुल मिलाकर ₹428.79 लाख बनता है।

(x) वीओसीपीटी द्वारा संदर्भ प्रशुल्क निर्धारण के लिए प्रस्तुत लागत विवरण को उपरोक्त विश्लेषण के अनुरूप आशोधित कर दिया गया है। संशोधित विवरण की प्रति अनुलग्नक-1 के रूप में संलग्न है।

(xi) वीओसीपीटी ने दिशा-निर्देशों में निर्धारित अनुसार अनुमानित पूँजी लागत के 16% पर विनियोजित पूंजी पर प्रतिफल का आकलन किया है।

(xii) अपेक्षित वार्षिक राजस्व

(क) कुल वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) का आकलन ₹671.05 लाख है जोकि प्रचालन लागत (₹428.79 लाख) और पूंजी लागत पर 16% के प्रतिफल (₹242.26 लाख) को मिलाकर है।

वैगन में कार्गो अंतरण के लिए कुल वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) का आकलन ₹605.39 लाख है जोकि प्रचालन लागत (₹382.76 लाख) और पूंजी लागत पर 16% के प्रतिफल (₹222.63 लाख) को मिलाकर है और ट्रक के माध्यम से कार्गो के अंतरण के लिए कुल वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) का आकलन ₹65.65 लाख है, जिसमें से ₹46.03 लाख प्रचालन लागत है और 19.62 लाख पूँजी लागत पर 16% प्रतिफल है।

(ख) वीओसीपीटी ने सुविधा की इष्टतम क्षमता से समस्त मूल्यांकित एआरआर की वसूली की परिकल्पना की है। तदनुसार, ₹605.39 लाख कार्गो के लिए, एएआर के लिए वैगन लोडिंग प्रणाली के माध्यम से और 19,16,250 टन की इष्टतम क्षमता के लिए दर का आकलन वीओसीपीटी द्वारा यथा प्रस्तावित 31.59 प्रति टन किया गया है।

ट्रक के माध्यम से कार्गो निकासी के लिए, एएआर ₹65.65 लाख पर 12,77,500 टन की इष्टतम क्षमता पर विस्तृत है और हैंडलिंग प्रभार का आकनल ₹5.14 प्रति टन किया गया है, जैसाकि वीओसीपीटी द्वारा प्रस्ताव किया गया है।

(ग) वीओसीपीटी ने इस परियोजना के अंतर्गत ड्राई बल्क कार्गो के रूप में कोयला, जिप्सम और चूना हैंडल करने के लिए परिकल्पना की है। जैसाकि पहले उल्लेख किया गया है, वीओसीपीटी ने टीएसए द्वारा किए गए अनुरोध के आधार पर यह उल्लेख किया है कि ड्राई बल्क कार्गो की उपर्युक्त श्रेणियों के अलावा, ड्राई बल्क कार्गो जैसे रॉक फास्फेट, उर्वरक, सल्फर को भी प्रस्तावित अर्ध मशीनीकरण सुविधा में हैंडल किया जा सकता है। इस बात के होते हुए, टीएसए द्वारा किए गए अनुरोध के आधार पर अनुवर्ती रूप से वीओसीपीटी द्वारा संसूचित ड्राई बल्क कार्गो की श्रेणियों अर्थात रॉक फास्फेट, सल्फर और उर्वरक को भी अनुमोदित एसओआर में सम्मिलित किया गया है। इसके अलावा, वीओसीपीटी ने, 21 मार्च, 2015 के आदेश से संबंधित प्रक्रियाओं में इस बात की पुष्टि की है कि हैंडल किया गया समस्त कार्गो केवल विदेशी कार्गो होगा। तथापि, पत्तन द्वारा, तापीय कार्गो को छोडकर, जिसके लिए तटीय रियायत की छूट नहीं है, प्रस्तावित 60% की विदेशी दर पर तटीय दर निर्धारित की गई है।

(xiii) पोत परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अपने पत्र सं. पीटी 11033/51/2014-पीटी दिनांक 11 नवम्बर 2014 के साथ पत्र सं. पीटी-11033/51/2014-पीटी, दिनांक 4 सितम्बर 2014 द्वारा जारी किए गए महापत्तन में तटीय पोतों की वरीयता बर्थिंग से संबंधित दिशानिर्देशों की प्रति इस प्राधिकरण को अग्रेषित की थी। तदनुसार, इस प्राधिकरण ने अपने 28 नवम्बर, 2014 के आदेश संख्या टीएएमपी/62/2014-जनरल के द्वारा अन्य बातों के साथ-साथ सभी महा पत्तन न्यासों के वर्तमान एसओआर में निर्धारित "तटीय पोत" की परिभाषा को निम्नवत रूप से प्रतिस्थापित करने के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया है:

"तटीय पोत" से तात्पर्य किसी ऐसे पोत से होगा जो भारत में किसी पत्तन अथवा स्थान से भारत में किसी अन्य पत्तन अथवा स्थान के बीच व्यापार में विशेष रूप से नियोजित हो और जिसके पास पोत परिवहन महानिदेशक/सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए वैध तटीय लाइसेंस हो"।

इसलिए वीओसीपीटी द्वारा प्रस्तावित तटीय पोत की परिभाषा को "तटीय पोत" की उपरोक्त परिभाषा के अनुरूप आशोधित कर दिया है।

(xiv) यह सामान्य विनिर्देशन, कि वश से बाहर के कारणों, जिसके लिए प्रचालक उत्तरदायी हो, से उपयोक्ता से विलम्ब के लिए कोई प्रभार नहीं लिया जाएगा, को प्रस्तावित एसओआर में समाहित नहीं किया गया है। यह नोट प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित संशोधित एसओआर में शामिल है।

(xv) 2013 के प्रशुल्क दिशा-निर्देशों के खण्ड 2.9 के अनुसार, वीओसीपीटी ने ऐसे इन्डैक्सेशन के लिए विचारणीय बुनियादी डब्ल्यूपीआई देते हुए प्रत्येक वर्ष स्वत: समायोजन के लिए इन्डेक्सेशन कारक से संबंधित सामान्य

नोट का प्रस्ताव किया है। चूँकि संदर्भ प्रशुल्क परिकलन में विचार किए जाने वाले लागत आकलन कथित रूप से वर्ष 2015 से संबंधित बाजार दर पर आधारित हैं, यह उपयुक्त और संगत पाया गया कि प्रत्येक वर्ष स्वत: समायोजन के लिए विचार किया जाने वाला बुनियादी डब्ल्यूपीआई 01 जनवरी, 2015 को निर्धारित किया जाए, जैसाकि पत्तन ने प्रस्ताव किया है। इस प्रकार, इस संबंध में एक नोट संदर्भ प्रशुल्क की अनुसूची में समाविष्ट किया जाता है।

(xvi) 2013 के संशोधित प्रशुल्क दिशानिर्देशों के खण्ड 2.2 में यह अपेक्षित है कि यह प्राधिकरण निष्पादन मानकों के साथ संदर्भ प्रशुल्क का निर्धारण करे। तथापि, 2013 के संशोधित दिशानिर्देशों में यह अपेक्षित नहीं है कि यह प्राधिकरण पत्तन द्वारा प्रस्तावित निष्पादन मानकों का अध्ययन करे, फिर भी यह मानना अनुचित नहीं होगा कि पत्तन यथोचित और प्राप्त करने योग्य निष्पादन मानकों का प्रस्ताव करे। जैसाकि पहले ध्यान में लाया गया है, वीओसीपीटी ने ट्रक लोडिंग और वैगन लोडिंग के लिए अलग निष्पादन मानकों का प्रस्ताव किया है। पत्तन ने मशीनीकृत सुविधा की न्यूनतम गारंटीशुदा उपलब्धता के संदर्भ में कार्गो निकासी के संदर्भ में निष्पादन मानक प्रस्तावित किए हैं और पत्तन उपयोक्ता के ट्रक में/रेलवे वैगन तक कार्गो निकासी के संबंध में उत्पादकता के संदर्भ में भी प्रस्ताव किया है और लाइसेंसधारी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह दोनों निष्पादन मानकों को पूरा करे।

ट्रक लोडिंग के लिए, पत्तन ने प्रस्ताव किया है: (क) बर्थ III/IV पर अधिष्ठापित मशीनीकृत प्रणाली के लिए प्रति उपकरण प्रति माह न्यूनतम 90% की न्यूनतम गारंटीशुदा उपलब्धता, और (ख) प्रत्येक 20 टन क्षमता (लगभग) के ट्रकों अथवा आनुपातिक रूप से प्रति घंटा प्रति होपर 7 ट्रक लोड करने के लिए लाइसेंस। 21 मार्च, 2015 के आदेश पर कार्रवाई करते हुए वीओसीपीटी ने 7 ट्रक प्रति होपर लोडिंग के निष्पादन पैरामीटर निर्धारित करने के लिए उक्त आदेश को पारित करते समय, पहले ही आधार प्रस्तुत किया है, जिस पर इस प्राधिकरण द्वारा विश्वास व्यक्त किया जाता है। वैगन लोडिंग के लिए वीओसीपीटी ने प्रस्ताव किया है: (क) बर्थ III/IV पर अधिष्ठापित मशीनीकृत प्रणाली के लिए प्रति उपकरण प्रति माह 90% की न्यूनतम गारंटीशुदा उपलब्धता, और (ख) 2 घंटों में वहन क्षमता वाले 66 टन (लगभग) के प्रत्येक 30 वैगनों से युक्त आधा रेक की लोडिंग को पूरा करने के लिए लाइसेंस। पत्तन द्वारा यथा प्रस्तावित निष्पादन मानक निर्धारित किए जाते हैं।

13.1 उपरोक्त विश्लेषण के अधीन, संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची और निष्पादन मानक, जैसाकि पत्तन द्वारा प्रस्तावित किए गए हैं, क्रमश: अनुलग्नक-II और अनुलग्नक-III के रूप में संलग्न हैं।

13.2 परिणाम में और ऊपर दिए गए कारणों के लिए और सामूहिक विचार विमर्श के आधार पर, यह प्राधिकरण वीओपीसीटी में लाइसेंस आधार पर वीओसी व्हार्फ III/IV से वैगन लोडिंग/पत्तन उपयोक्ता के ट्रक में अंतरण के मशीनीकरण के लिए संदर्भ प्रशुल्क अनुसूची को अनुमोदित करती है तथा इन्हें निष्पादन मानकों के साथ अधिसूचित करती है।

13.3. इस प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित संदर्भ प्रशुल्क या तो बर्थ संख्या III अथवा IV या फिर मिश्रित रूप में हैंडल की गई 3.19 एमटीपीए की कार्गो की इष्टतम क्षमता के लिए है।

जैसाकि वीओसीपीटी द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी, यह विनिर्दिष्ट किया गया है कि परियोजना अवधि के दौरान किसी भी समय बर्थ संख्या III अथवा बर्थ संख्या IV अथवा बर्थ संख्या III और इसके साथ बर्थ संख्या IV पर

बीओटी प्रचालक द्वारा हैंडल की गई ड्राई बल्क कार्गो 3.19 एमटीपी की इष्टतम क्षमता से अधिक पायी जाती है तो प्राधिकरण द्वारा निर्धारित संदर्भ प्रशुल्क की समीक्षा की जाएगी और वीओसीपीटी को लाइसेंसधारी होने के नाते यह सुनिश्चित करना चाहिए कि संदर्भ प्रशुल्क की समीक्षा की गई है। इसलिए, वीओसीपीटी को बोली देने के चरण के समय पर निविदा दस्तावेज में, बोली देने के चरण के समय सभी प्रत्याशित बोलीदाताओं और रियायत करार में उपर्युक्त स्थिति स्पष्ट कर देनी चाहिए।

14.1. 2013 के संशोधित प्रशुल्क दिशा-निर्देशों के खण्ड 2.5 के अनुसार इस प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित सन्दर्भ प्रशुल्क और निष्पादन मानकों का उल्लेख, बोली दस्तावेज में किया जाएगा और बाद में पीपीपी परियोजनाओं से संबंधित रियायत करार में उल्लेख किया जाएगा। तदनुसार, वीओसीपीटी को परामर्श दिया जाता है कि यह बोली दस्तावेज में संदर्भ प्रशुल्क और निष्पादन मानकों को सम्मिलित करे और बाद में सहमति के अनुसार पीपीपी परियोजनाओं से संबंधित लाइसेंस करार में उल्लेख करे।

14.2. वाणिज्यिक परिचालन (सीओडी) की तिथि से उसी वित्तीय वर्ष की 31 मार्च तक प्रशुल्क, उस वर्ष के लिए प्रासंगिक संबंधित क्रमबद्ध संदर्भ प्रशुल्क तक सीमित रहेगा, जोकि अधिकतम सीमा होगी। वर्ष 2013 के प्रशुल्क दिशा-निर्देशों के पैरा 2.2 में किए गए प्रावधान के अनुसार सूचकांकन के आधार पर प्रत्येक वर्ष उपर्युक्त संदर्भ प्रशुल्क स्वत: संशोधित हो जाएगा, जोकि पूरी लाइसेंस अवधि के लिए लागू होगा।

तथापि, लाइसेंस धारक को यह छूट होगी कि वह परिचालन के दूसरे वर्ष के बाद से निष्पादन मानकों (निष्पादन-युक्त-प्रशुल्क") के साथ प्रशुल्क का प्रस्ताव भेजे। इस प्रकार का निष्पादन, संबंधित वित्तीय वर्ष के लिए आगामी वित्तीय वर्ष की पहली अप्रैल से कम से कम 90 दिन पूर्व संबंधित वर्ष के लिए क्रमबद्ध संदर्भ प्रशुल्क के अतिरिक्त होगा । इस प्रकार का निष्पादन-युक्त-प्रशुल्क, संबंधित वर्ष के लिए क्रमबद्ध संदर्भ प्रशुल्क 15% से ऊपर एवं उससे अधिक नहीं होगा (यह प्रशुल्क की सीमा होगी)। निष्पादन-युक्त-प्रशुल्क आगामी वित्तीय वर्ष के पहले दिन से लागू होगा और समग्र वित्तीय वर्ष के लिए लागू रहेगा ।

14.3. परियोजना के लाइसेंस करार के अंतर्गत नियुक्त किए गए स्वतंत्र अभियंता से एक प्रमाण-पत्र के साथ इस प्राधिकरण को यह प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें पिछले 12 महीनों में कार्य-निष्पादन की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया हो, जैसा कि लाइसेंस करार में अथवा परिचालन के प्रथम वर्ष के परिचालन के महीनों की वास्तविक संख्या के लिए, जैसा भी मामला हो, समाविष्ट किया गया हो ।

14.4. प्रस्ताव के प्राप्त होने पर, यह प्राधिकरण वर्ष 2013 के प्रशुल्क दिशा-निर्देशों के पैरा 5 में यथा रेखांकित निष्पादन मानकों की उपलब्धि पर प्रस्ताव-प्राप्ति के 7 दिन के अंदर महापत्तन न्यास का दृष्टिकोण जानने के लिए अनुरोध करेगा।

14.5. लाइसेंसधारी द्वारा पिछले 12 महीनों में लाइसेंस करार में यथा समाविष्ट निष्पादन मानकों में उपलब्धि प्राप्त न करने की स्थिति में यह प्राधिकरण आगामी वित्तीय वर्ष के लिए निष्पादन-युक्त-प्रशुल्क की अधिसूचना के प्रस्ताव पर विचार नहीं करेगा और लाइसेंस धारक आगामी वर्ष के लिए ही केवल लागू क्रमबद्ध संदर्भ प्रशुल्क का पात्र होगा।

14.6. महापत्तन न्यास के दृष्टिकोण पर विचार करने के पश्चात यदि यह प्राधिकरण इस बात के लिए संतुष्ट है कि लाइसेंस करार में समाविष्ट निष्पादन मानक प्राप्त कर लिए गए है तो यह 15 मार्च तक निष्पादन-युक्त-प्रशुल्क को अधिसूचित कर देगा जो कि आगामी वित्तीय वर्ष की पहली अप्रैल से लागू होगा।

14.7. **निष्पादन-युक्त-प्रशुल्क से संबंधित प्रस्ताव पर विचार करते समय, यह प्राधिकरण निष्पादन मानकों और लाइसेंसधारी द्वारा इनके अनुपालन की जांच करेगा। यह प्राधिकरण लाइसेंसधारी द्वारा निष्पादन मानक की उपलब्धियां अथवा अन्यथा के आधार पर निष्पादन-युक्त-प्रशुल्क प्रस्ताव को स्वीकार अथवा रद्द किए जाने पर निर्णय लेगा। क्रमबद्ध संदर्भ प्रशुल्क और निष्पादन-युक्त-प्रशुल्क के निर्धारण में वर्ष 2013 के प्रशुल्क दिशा-निर्देशों के साथ संबद्ध परिशिष्ट में दर्शाए गए दृष्टांत का अनुपालन किया जाएगा।**

14.8. **प्रचालन के तीसरे वर्ष से, लाइसेंसधारी से प्राप्त कार्य-निष्पादन-युक्त-प्रशुल्क प्रस्ताव स्वतंत्र इंजीनियर द्वारा यथा प्रमाणित पिछले 12 महीनों की अवधि में निष्पादन मानक पूरे करने की शर्त के साथ इस प्राधिकरण द्वारा स्वत: ही अधिसूचित किया जाएगा। लाइसेंसधारी तीसरे वर्ष से निष्पादन-युक्त-प्रशुल्क के लिए लाइसेंसधारी स्वतंत्र इंजीनियर से प्राप्त उपलब्धि प्रमाण-पत्र के साथ पहली मार्च तक निष्पादन प्रशुल्क प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा और यह प्राधिकरण आगामी वित्तीय वर्ष से लागू होने वाले निष्पादन-युक्त-प्रशुल्क को 20 मार्च तक अधिसूचित करेगा।**

14.9. **जैसाकि 2013 के संशोधित दिशा-निर्देशों के खंड 6.2 में विनिर्दिष्ट है, यदि किसी उपयोक्ता को इस प्राधिकरण द्वारा यथा अधिसूचित किए गए कार्य-निष्पादन मानकों के लाइसेंसधारी द्वारा कोई उपलब्धि हांसिल न किए जाने के संबंध में कोई शिकायत हो तो वह इस प्राधिकरण को एक अभ्यावेदन दे सकता है, जिसके उपरांत अभ्यावेदन की जॉच करायी जाएगी और वीओसीपीटी को अपने निष्कर्षों से अवगत कराया जाएगा। वीओसीपीटी संबंधित लाइसेंस करार के प्रावधानों के अनुसार निष्कर्षों पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा ।**

14.10. **जैसाकि 2013 के संशोधित दिशा-निर्देशों के खंड 6.3.1 में विनिर्दिष्ट है, लाइसेंस करार पर हस्ताक्षर किए जाने के 15 (पन्द्रह) दिनों के भीतर संबद्ध प्रचालक इस प्राधिकरण को लाइसेंस करार अग्रेषित करेगा, जिसे उसकी वेबसाइट पर दर्शाया जाएगा।**

14.11. **जैसाकि 2013 के संशोधित दिशा-निर्देशों के खंड 6.3.2 में विनिर्दिष्ट है, लाइसेंसधारी कार्गो यातायात, पोत बर्थ की दिन की आउटपुट और साथ ही साथ प्रत्येक बर्थ के लिए वसूल किए गए प्रशुल्क के संबंध में तिमाही रिपोर्टें इस प्राधिकरण को भेजेंगे। ये तिमाही रिपोर्टें प्रत्येक तिमाही के समाप्त होने के एक महीने के भीतर पीपीपी प्रचालकों द्वारा प्रस्तुत की जाएंगी। इस प्राधिकरण द्वारा अपेक्षित कोई अन्य सूचना भी उन्हें समय-समय पर भेजनी होगी ।**

14.12. **जैसाकि 2013 के संशोधित दिशा-निर्देशों के खंड 6.3.3 में विनिर्दिष्ट है, यह प्राधिकरण पीपीपी प्रचालकों से प्राप्त हुई सभी सूचनाएं अपनी वैबसाइट पर प्रकाशित करेगा। तथापि, यह प्राधिकरण प्रस्तुत वाणिज्यिक रूप से संवेदशील ऑकडे/सूचनाएं प्रकाशित नहीं किए जाने के संबंध में लाइसेंसधारी से प्राप्त अनुरोध पर विचार करेगा। ऐसे अनुरोधों के साथ प्रश्नाधीन आंकड़ों/सूचनाओं की वाणिज्यिक संवेदशीलता के बारे में विस्तृत औचित्य और इसके प्रकाशन पर उसके राजस्व/प्रचालन पर होने वाले संभावित प्रतिकूल प्रभाव की जानकारी देनी होगी। इस संबंध में इस प्राधिकरण का निर्णय अंतिम होगा।**

14.13. **दिशा-निर्देशों के खण्ड 3.8.5 के अनुसार, यदि दर मानों और निबंध शर्तों के उल्लेख के संबंध में किसी स्पष्टीकरण अथवा व्याख्या के संबंध में यदि कोई प्रश्न उठता है तो मामला इस प्राधिकरण को भेजा जाएगा और इस संबंध में प्राधिकरण द्वारा लिया गया निर्णय प्रचालक पर बाध्यकारी होगा।**

14.14. **इस परियोजना से संबंधित निष्पादन मानदण्ड बोली दस्तावेजों में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा। लाइसेंसधारी से उम्मीद की जाएगी कि वह कम से कम बोली दस्तावेज/लाइसेंस करार में दिए गए कार्य निष्पादन मानकों का प्रतिपादन करें।**

14.15. **लाइसेंस धारकों के वास्तविक कार्य निष्पादन का इस प्राधिकरण द्वारा अनुवीक्षण किया जाएगा । यदि सेवा की गुणवत्ता के बारे में कोई शिकायत प्राप्त होती है तो यह प्राधिकरण ऐसे आरोपों की जांच करेगा तथा अपने निर्णय वीओसीपीटी को अग्रेषित करेगा। यदि प्रचालकों के विरुद्ध कोई कार्रवाई की जानी अपेक्षित हो तो वीओसीपीटी संबंधित लाइसेंस करार के प्रावधानों के अनुसार उपयुक्त कार्रवाई शुरू करेगा।**

टी. एस. बालासुब्रमनियन, सदस्य (वित्त)

[विज्ञापन-III/4/असा/143/2015/213]

अनुलग्नक-I

वीओ चिदंबरनार पत्तन न्यास पर पोतघाट III/IV से वैगन/ट्रक लदान प्रणाली तक 2008 के प्रशुल्क दिशानिर्देशों के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए कार्गो के स्थानान्तरण हेतु संदर्भ प्रशुल्क निर्धारण के लिए लागत विवरणी

(रु. लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	वीओसीपीटी के 23.7.2015 के अंतिम संशोधित प्रस्ताव में आकलन			टीएएमपी द्वारा विचारित		
		कुल	वेगन लदान के लिए	ट्रक लदान के लिए	कुल	वेगन लदान के लिए	ट्रक लदान के लिए
I.	इष्टतम क्षमता						
(i).	कुल इष्टतम क्षमता (टन/वर्ष)	3,193,750.00			3,193,750.00		
		(12500टन/दिन * 365दिन * 70%)			(12500टन/दिन * 365दिन * 70%)		
(ii).	3.19 मिलियन टन की कुल इष्टतम क्षमता का वैगन और ट्रक लदान प्रणाली के लिए क्रमश: 60% और 40% के अनुपात में इष्टतम क्षमता (टन/वर्ष)	3,193,750	1,916,250	1,277,500	3,193,750.00	1,916,250.00	1,277,500.00
		(12500टन/दिन * 365दिन * 70%)	(3193750टन/वर्ष *60%)	(3193750टन/वर्ष *40%)	(12500टन/दिन * 365 दिन * 70%)	(3193750टन/वर्ष *60%)	(3193750टन/वर्ष *40%)
(iii).	इष्टतम क्षमता [मिलियन टन प्रति वर्ष में (एमटीपीए)]	**3.19**	**1.92**	**1.28**	**3.19**	**1.92**	**1.28**
II.	पूंजी लागत:	रु. लाख	रु.लाख	रु. लाख	रु.लाख	रु.लाख	रु.लाख
(i).	हॉपरों के लिए	292.00	175.20	116.80	292.00	175.20	116.80
		(100%* रु.73लाख/यूनिट* 4यूनिट)	(60%* रु.73लाख/यूनिट*4यूनिट)	(40%* रु.73लाख/यूनिट*4 यूनिट)	(100%* रु.73 लाख/यूनिट* 4यूनिट)	(60%* रु.73लाख/यूनिट*4यूनिट)	(40%* रु.73लाख/यूनिट*4 यूनिट)
(ii).	टेलीस्टेक्स के	900.00	900.00	0.00	900.00	900.00	0.00

	लिए	(100%*रु.450लाख*2यूनिट)	(100%*रु.450लाख*2यूनिट)	--	(100%*रु.450 लाख*2 यूनिट)	(100%*रु.450लाख*2 यूनिट)	--
(iii).	ट्रकों के लिए	250.00	250.00	0.00	250.00	250.00	0.00
		(100%*रु.25लाख*10यूनिट)	(100%*रु.25लाख*10यूनिट)	--	(100%*रु.25 लाख*10 यूनिट)	(100%*रु.25 लाख*10 यूनिट)	--
(iv).	उप जोड़ (i+ii+iii)	**1,442.00**	**1,325.20**	**116.80**	**1,442.00**	**1,325.20**	**116.80**
(v).	विविध लागत @ 5%	72.10	66.26	5.84	72.10	66.26	5.84
		(5% * रु.1442 लाख)	(5% * रु.1325.20 लाख)	(5% * रु.116.80 लाख)	(5% * रु.1442 लाख)	(5% * रु.1325.20 लाख)	(5% * रु.116.80 लाख)
(vi).	कुल पूंजी लागत (iv+v)	**1,514.10**	**1,391.46**	**122.64**	**1,514.10**	**1,391.46**	**122.64**
III.	<u>प्रचालन लागत:</u>						
(i).	इंधन लागत :						
(क).	हॉपरों के लिए	60.52	36.31	24.21	60.52	36.31	24.21
		(6132घंटे*5ली./घंटा*रु.49.35/ली.*4/हॉपर)	(60%* रु.60.52लाख)	(40%* रु.60.52लाख)	(6132घंटे*5ली./घंटा*रु.49.35/ली. *4/हॉपर)	(60%* रु.60.52लाख)	(40%* रु.60.52लाख)
(ख).	टेलीस्टेक्स के लिए	30.26	30.26 (6132घंटे*5ली./घंटा*रु.49.35/ली.*2टेलीस्टेक्स)	0.00	30.26	30.26 (6132घंटे*5ली./घंटा*रु.49.35/ली.*2टेलीस्टेक्स)	0.00
(ग).	ट्रकों के लिए	72.63	72.63 (6132घंटे*2.4ली./घंटा*रु.49.35/ली.*10ट्रक)	0.00	72.63	72.63 (6132घंटे*2.4ली./घंटा*रु.49.35/ली.*10ट्रक)	0.00
(ii).	मरम्मत और अनुरक्षण लागत @5%	75.71	69.57	6.13	75.71	69.57	6.13
		(5%* रु.1514.10 लाख)	(5%* रु.1391.46 लाख)	(5%* रु.122.64 लाख)	(5%* रु.1514.10 लाख)	(5%* रु.1391.46 लाख)	(5%* रु.122.64 लाख)
(iii).	बीमा @ 1%	15.14	13.91	1.23	15.14	13.91	1.23
		(1%* रु.1514.10 लाख)	(1%* रु.1391.46 लाख)	(1%* रु.122.64 लाख)	(1%* रु.1514.10 लाख)	(1%* रु.1391.46 लाख)	(1%* रु.122.64 लाख)
(iv).	मूल्यह्रास	95.84	88.08	7.76	95.84	88.08	7.76
		(6.33%* रु.1514.10 लाख)	(6.33%* रु.1391.46 लाख)	(6.33%* रु.122.64 लाख)	(6.33%* रु.1514.10 लाख)	(6.33%* रु.1391.46 लाख)	(6.33%* रु.122.64 लाख)
(v).	किराया (लीज़ किराया)	2.99	2.42	0.57	2.99	2.42	0.57
		(840वर्ग मी..*रु.355.65/वर्ग मी.)	((400वर्ग मी..*60%)+(80वर्ग मी..+ 360वर्ग मी.))*रु.355.65/वर्ग मी.)	(400वर्ग मी..*40%*रु.355.65/वर्ग मी.)	(840वर्ग मी..*रु.355.65/वर्ग मी.)	(400वर्ग मी..*60%)+(80वर्ग मी..+ 360वर्ग मी.)*रु.355.65/वर्ग मी.)	(400वर्ग मी..*40%*रु.355.65/वर्ग मी.)
(vi).	अन्य व्यय @5%	75.71	69.57	6.13	75.71	69.57	6.13
		(5%* रु.1514.10 लाख)	(5%* रु.1391.46 लाख)	(5%* रु.122.64 लाख)	(5%* रु.1514.10 लाख)	(5%* रु.1391.46 लाख)	(5%* रु.122.64 लाख)
(vii.)	कुल प्रचालन लागत [(i) to (vi)]	**428.79**	**382.76**	**46.03**	**428.79**	**382.76**	**46.03**

IV	**वार्षिक राजस्व मांग तथा प्रस्तावित प्रहस्तन दर**						
(i).	**वार्षिक राजस्व मांग(एआरआर)**						
	(क). कुल प्रचालन लागत	428.79	382.76	46.03	428.79	382.76	46.03
	(ख). नियोजित पूंजीपर प्रतिलाभ@16%	242.26	222.63	19.62	242.26	222.63	19.62
	(ग). कुल राजस्व मांग	**671.05**	**605.39**	**65.65**	**671.05**	**605.39**	**65.65**
(ii).	**इष्टतम क्षमता : (टन/वर्ष)**	3,193,750	1,916,250	1,277,500	3,193,750	1,916,250	1,277,500
(iii).	**प्रहस्तन दर प्रति टन (रु./टन में)**						
	(क). विदेशी कार्गो के लिए	--	31.59	5.14	--	31.59	5.14
	(ख). तटीय कार्गो के लिए	--	18.96	3.08	--	18.96	3.08

अनुलग्नक -II

वी.ओ.चिदम्बरनार पत्तन न्यास

वीओसी व्हार्फ III/IV बर्थ से वैगन/ट्रक लोडिंग प्रणाली तक कार्गो की निकासी के मशीनीकरण के लिए संदर्भ प्रशुल्क

अध्याय 1 - परिभाषाएं और सामान्य निबंधन और शर्तें

1.1. परिभाषाएं

इस दर मान में, जब तक अन्यथा प्रसंग अपेक्षित न हो, निम्नलिखित परिभाषाएं लागू होंगी:

(i) **"तटीय पोत"** से तात्पर्य है कोई भी पोत जो केवल भारत में किसी पत्तन या स्थान से भारत में ही किसी अन्य पोत या स्थान के बीच कारोबार में लगा हुआ है और जिसके पास सक्षम प्राधिकारी/पोत परिवहन महानिदेशक द्वारा जारी वैध तटीय लाइसेंस है।

(ii) "**विदेशगामी पोत**" से तात्पर्य तटीय पोत से इतर कोई पोत है।

(iii) **"प्रतिदिन**" से तात्पर्य प्रति कैलेन्डर दिन या उसका अंश है।

(iv) "**पत्तन"** से तात्पर्य वी ओ चिदंबरनार पत्तन न्यास है।

(v) **"टन" से तात्पर्य एक मीटरिक टन अथवा 1000 किलोग्राम या एक घन मीटर होगा ।**

(vi) **"शिफ्ट**" से तात्पर्य पत्तन कर्मचारियों के लिए लागू आठ घंटे की शिफ्ट है।

1.2. सामान्य निबंधन एवं शर्तें

(i) पोत संबंधी प्रभार लगाने के प्रयोजन से "तटीय" अथवा "विदेशगामी" श्रेणी में वर्गीकृत करने के लिए पोत का दर्जा, जैसा सीमा-शुल्क विभाग .अथवा पोत परिवहन महानिदेशक द्वारा जारी इसके प्रमाणन में दिया गया होगा, निर्णायक घटक होगा, और कार्गो की प्रकृति अथवा उसके उदगम की इस प्रयोजन से कोई प्रासंगिकता नहीं होगी ।

(ii) (क) भारतीय ध्वज का कोई विदेशगामी पोत, जिसके पास सामान्य व्यापारिक लाइसेंस हो, सीमा-शुल्क परिवर्तन आदेश के आधार पर तटीय धावक के रूप में परिवर्तन हो सकता है।

(ख) विदेशी पताका वाला विदेशगामी पोत, पोत परिवहन महानिदेशक द्वारा जारी तटीय यात्रा लाइसेंस के आधार पर तटीय-धावक के रूप में परिवर्तित हो सकता है।

(ग) ऐसे परिवर्तनों के मामले में लोड टर्मिनल (लदान टर्मिनल) द्वारा उस समय से तटीय दरें प्रभार्य होंगी जिस समय से पोत तटीय सामान लादना/चढ़ाना शुरू करता है ।

(घ) ऐसे परिवर्तन के मामलों में, तटीय दरें तभी तक प्रभार्य होगी जब तक पोत तटीय कार्गो को उतारने का प्रचालन पूरा करता हैं, उसके तुरंत बाद उतारने वाले टर्मिनल द्वारा विदेशगामी दरें प्रभार्य हो जाएंगी ।

(ड.) पोत परिवहन महानिदेशक से तटीय लाइसेंस प्राप्त एकनिष्ठ भारतीय तटीय पोतों से, तटीय दरों का पात्रता होने के लिए कोई अन्य दस्तावेज अपेक्षित नहीं होगा।

(iii) विलंबित भुगतानों/धन वापसियों पर ब्याज

(क) उपयोक्ताओं को विलंबित भुगतानों पर इस दर मान के अंतर्गत किन्ही विलम्बित भुगतान के लिए दंड ब्याज का भुगतान करना होगा। ब्याज की दर (भारतीय स्टेट बैंक की प्राइम लैंडिंग रेट से 2% ज्यादा निर्धारित होगी।)

(ख) इसी प्रकार, टर्मिनल विलंबित धन वापसियों पर दंड-ब्याज का भुगतान करेगा। ब्याज दर (भारतीय स्टेट बैंक की प्राइम लैंडिंग रेट से 2% ज्यादा निर्धारित होगी।)

(ग) धन वापसी (रिफंड) में विलंब सेवाओं के पूर्ण होने की तिथि या उपयोगकर्त्ताओं से अपेक्षित सभी दस्तावेजों की प्रस्तुति, इनमें से जो भी बाद में हो, से 20 दिन बाद गिना जाएगा। (टर्मिनल को वापिसी का दावा करने के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले विशिष्ट दस्तावेजों का उल्लेख करना होगा)

(घ) उपयोगक्ताओं द्वारा भुगतानों में विलंब, टर्मिनल द्वारा बिल प्रस्तुत करने की तिथि के बाद, 10 दिनों के बाद गिना जाएगा । तथापि, यह प्रावधान वहां लागू नहीं होगा, जहां भुगतान महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 में विनिर्दिष्ट सेवाएं प्राप्त करने से पहले किया जाना हो और/अथवा जहां इस दर मान में प्रभारों का अग्रिम भुगतान निर्धारित किया गया हो।

(iv) परिगणित किए गए सभी प्रभार, प्रत्येक बिल के कुल जमा योग पर अगले उच्चतर रूपये में, पूर्णांकों में लिखे जाएंगे।

(v) जब तक कि धन वापसी की राशि ₹ 100/- अथवा इससे अधिक नहीं होगी, तब तक धन वापसी पर विचार नहीं किया जाएगा । इसी प्रकार, प्रचालक तब तक कोई पूरक बिल या अंडर चार्जबिल प्रस्तुत नहीं करेगा, जब तक कि प्रचालक को देय राशि ₹ 100/- अथवा कम कम बनती है।

(vi) (क) इस दर मान में निर्धारित दरें अधिकतम स्तर की हैं, इसी प्रकार छूट और कटौतियां न्यूनतम स्तर की हैं । प्रचालक यदि चाहे तो वह कम दरें प्रभारित कर सकता है और/या छूट और कटौतियां बढ़ा सकता है ।

(ख) ऑपरेटर यदि चाहे तो दरमान में निर्धारित दरों को लागू करने के विनियमन से संबंधित निर्धारित शर्तों को तर्क संगत बना सकता है, यदि शर्तों को इस प्रकार तर्क-संगत बनाने से उपयोगकर्त्ता को प्रति यूनिट दर में राहत मिलती है और दर मान में निर्धारित यूनिट दरें अधिकतम/उच्चतम स्तर से अधिक न हो । बशर्ते कि प्रचालक इस प्रकार की कमतर दरें सार्वजनिक रूप से अधिसूचित करेगा और/या ऐसी दरों को लागू करने के विनियमन से संबंधित शतों को तर्क संगत बनाएगा और इन कमतर दरों में और/या ऐसी दरों को लागू करने के विनियमन से संबंधित शर्तों में आगे किए जाने वाले परिवर्तनों को सार्वजनिक रूप से अधिसूचित करता रहेगा, बशर्ते कि निर्धारित की गई नई दरें, महापत्तन प्रशुल्क प्राधिकरण द्वारा अधिसूचित दरों से ज्यादा न हो।

(vii) **तार्किक स्तर के ऐसे विलंबों के लिए, जिनके लिए प्रचालक को जिम्मेदार ठहराया जा सके, उपयोक्ता के लिए प्रभारों का भुगतान करना अपेक्षित नहीं होगा।**

2. कार्गो हैंडलिंग प्रभार:

2.1 **<u>होपरों, ट्रकों और टेलीस्टेकरों का उपयोग करते हुए वैगन लोडिंग के लिए कार्गो हैंडलिंग प्रभार</u> :-**

क्र.सं.	वस्तु	दर प्रति मीटरी टन में (भारतीय ₹ में)	
		विदेशी	तटीय
1.	ड्राई बल्क कार्गो, (तापीय कोयला से भिन्न), चूना, जिप्सम, रॉक फास्फेट, उर्वरक और सल्फर	31.59	18.96
2.	तापीय कोयला	31.59	31.59

2.2 <u>होपरों और पत्तन उपयोक्ताओं के ट्रकों का उपयोग करते हुए ट्रक लोडिंग के लिए कार्गो हैंडलिंग प्रभार</u> :-

क्र.सं	वस्तु	दर प्रति मीटरी टन में (भारतीय ₹ में)	
		विदेशी	तटीय
1.	ड्राई बल्क कार्गो, कोयला (तापीय कोयला से भिन्न), चूना, जिप्सम, रॉक फास्फेट, उर्वरक और सल्फर	5.14	3.08
2.	तापीय कोयला	5.14	5.14

<u>अनुसूची 2.1 और 2.2 के संबंध में नोट</u>

(i) उपर्युक्त निर्धारित प्रशुल्क बर्थ संख्या III/IV से वैगन/ट्रक लोडिंग प्रणाली तक ड्राई बल्क कार्गो की ढुलाई के लिए है।

3. **<u>सामान्य नोट:</u>**

(i) प्रशुल्क सीमा में 1 जनवरी, 2015 और प्रासंगिक वर्ष की प्रथम जनवरी के मध्य थोक मूल्य सूचकांक(डब्ल्यूपीआई) के उतार चढ़ाव के 60% की सीमा तक सूचकांकित वृद्धि की जाएगी। प्रशुल्क सीमा का यह स्वत: समायोजन प्रत्येक वर्ष किया जाएगा तथा समायोजित प्रशुल्क सीमा प्रासंगिक वर्ष की पहली अप्रैल से आगामी वर्ष की 31 मार्च तक लागू रहेगी।

(ii) वाणिज्यिक प्रचालन (सीओडी) की तारीख से उसी वित्तीय वर्ष के 31 मार्च तक, प्रशुल्क सूचकांकित संदर्भ प्रशुल्क तक सीमित किया जाएगा जो अधिकतम होगा । उपर्युक्त संदर्भ प्रशुल्क 2013 के प्रशुल्क दिशा-निर्देशों के पैरा 2.2 में दिए अनुसार सूचकांकन के आधार पर प्रत्येक वर्ष स्वत: ही संशोधित होंगे जो परियोजना की संपूर्ण लाइसेंस अवधि के लिए लागू होगा ।

तथापि लाइसेंसधारी, आगामी वित्तीय वर्ष से कम से कम 90 दिन पूर्व प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के सूचकांकित संदर्भ प्रशुल्क से ऊपर, प्रचालन के दूसरे वर्ष से आगे कार्य निष्पादन मानकों ("कार्य निष्पादन से सम्बद्ध प्रशुल्क") सहित प्रशुल्क प्रस्तावित करने के लिए स्वतंत्र होगा। कार्य निष्पादन से सम्बद्ध ऐसा प्रशुल्क, उस प्रासंगिक वित्तीय वर्ष के लिए सूचकांकित संदर्भ प्रशुल्क् के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगा (और यह प्रशुल्क सीमा होगी)। कार्य निष्पादन से सम्बद्ध प्रशुल्क अगले वित्तीय वर्ष के प्रथम दिन से प्रभावी होगा और यह संपूर्ण वित्तीय वर्ष के लिए लागू होगा।

(iii) टीएएमपी को प्रस्तुत किए जाने वाले प्रस्ताव के साथ लाइसेंस करार में यथा विनिर्दिष्ट पिछले 12 माह अथवा प्रचालन के प्रथम वर्ष में प्रचालन के महीनों की वास्तविक संख्या के लिए, जैसी भी स्थिति हो, में कार्य निष्पादन मानकों की उपलब्धि दर्शाते हुए परियोजना के रियायत करार के अंतर्गत नियुक्त किए गए स्वतंत्र इंजीनियर से प्राप्त प्रमाण पत्र जमा किया जाएगा।

(iv) प्रस्ताव के प्राप्त होने पर, प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर टीएएमपी 2013 के प्रशुल्क दिशानिर्देश के पैरा 5 में दी गई रूपरेखा के अनुसार कार्य निष्पादन मानकों के पूरा किए जाने के बारे में महापत्तन न्यास के विचार मांगेगा।

(v) लाइसेंसधारी द्वारा पिछले 12 माह में लाइसेंस करार में यथा विनिर्दिष्ट निष्पादन मानकों को पूरा न करने की स्थिति में, टीएएमपी, आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कार्य निष्पादन से सम्बद्ध प्रशुल्क अधिसूचित करने के प्रस्ताव पर विचार नहीं करेगा और लाइसेंसधारी केवल आगामी वित्तीय वर्ष के लिए लागू सूचकांकित संदर्भ प्रशुल्क के लिए हकदार होगा।

(vi) महापत्तन न्यास के विचारों पर विचार करने के पश्चात, यदि टीएएमपी इस बात से संतुष्ट होता है कि रियायत करार में यथा विनिर्दिष्ट कार्य निष्पादन मानक पूरे किए गए हैं, तो वह आगामी वित्तीय वर्ष के 1 अप्रैल से लागू किए जाने के लिए 15 मार्च तक कार्य निष्पादन से सम्बद्ध प्रशुल्क अधिसूचित करेगा।

(vii) कार्य निष्पादन से सम्बद्ध प्रशुल्क के लिए प्रस्ताव पर विचार करते समय, टीएएमपी कार्य निष्पादन मानक और लाइसेंस धारी द्वारा किया जाने वाला इनका अनुपालन को देखेगा। टीएएमपी लाइसेंस धारी द्वारा कार्य निष्पादन मानकों के पूरा किए जाने अथवा अन्यथा के आधार पर कार्य निष्पादन से सम्बद्ध प्रशुल्क प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने पर निर्णय लेगा। सूचकांकित संदर्भ प्रशुल्क और कार्य निष्पादन से सम्बद्ध प्रशुल्क के निर्धारण में 2013 के प्रशुल्क दिशा-निर्देशों के साथ संलग्न परिशिष्ट में दर्शाए गए उदाहरण का पालन किया जाएगा।

(viii) प्रचालन के तीसरे वर्ष से लाइसेंसधारी से प्राप्त कार्य निष्पादन संबद्ध प्रशुल्क प्रस्ताव, स्वतंत्र इंजीनियर द्वारा यथा प्रमाणित पिछले 12 माह की अवधि में कार्य निष्पादन मानक पूरा करने पर टीएएमपी द्वारा स्वत: ही अधिसूचित किया जाएगा। लाइसेंसधारी, तीसरे वर्ष से आगे कार्य निष्पादन से संबद्धध प्रशुल्क के लिए 1 मार्च तक स्वतंत्र इंजीनियर से प्राप्त उपलब्धि प्रमाण पत्र के साथ कार्य निष्पादन से संबद्धध प्रशुल्क प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा और टीएएमपी आगामी वित्तीय वर्ष से प्रभावित होने वाले कार्य निष्पादन संबंधी प्रशुल्क 20 मार्च तक अधिसूचित करेगा।

अनुलग्नक-III

निष्पादन मानक

वीओसी व्हार्फ III/IV से वैगन/ट्रक लोडिंग प्रणाली तक कार्गो की निकासी के मशीनीकरण के लिए न्यूनतम गारंटीशुदा उपलब्धता की प्रतिशतता और न्यूनतम गारंटी दक्षता

1.1 ट्रक लोडिंग के लिए निष्पादन मानक:-

लाइसेंसधारी निम्नलिखित दोनों निष्पादन मानकों को पूरा करेंगे:

(क) बर्थ III/IV पर अधिष्ठापित यांत्रिक प्रणाली के लिए प्रति उपकरण प्रति मास 90% की न्यूनतम गारंटीशुदा उपलब्धता। यह उपलब्धता कुल यांत्रिक प्रणाली के लिए आकलित की जाएगी, और

(ख) लाइसेंसधारी प्रत्येक 20 टन की क्षमता वाले (लगभग) ट्रकों के अथवा आनुपातिक रूप से प्रति घंटा प्रति होपर 7 ट्रकों को लोड करेगा।

1.2. वैगन लोडिंग के लिए निष्पादन मानक:

लाइसेंसधारी निम्नलिखित दोनों निष्पादन मानकों को पूरा करेंगे:

(क) बर्थ III/ IV पर अधिष्ठापित यांत्रिक प्रणाली के लिए प्रति उपकरण प्रति मास 90% की न्यूनतम गारंटीशुदा उपलब्धता। यह उपलब्धता कुल यांत्रिक प्रणाली के लिए आकलित की जाएगी, और

(ख) लाइसेंसधारी दो घंटों की वहन क्षमता के प्रत्येक 66 टन की क्षमता (लगभग) वाले 30 वैगनों से युक्त आधे रेक की लोडिंग को पूरा करेगा।

TARIFF AUTHORITY FOR MAJOR PORTS

NOTIFICATION

Mumbai, the 15th September, 2015

No. TAMP/41/2015-VOCPT.—In exercise of the powers conferred by Section 48 of the Major Port Trusts Act, 1963 (38 of 1963), the Tariff Authority for Major Ports hereby disposes of the proposal received from V.O. Chidambaranar Port Trust (VOCPT) for fixation of reference tariff for mechanization of the cargo transfer from VOC Wharf III/ IV Berths to Wagon/ Truck loading system on license basis for 10 years period on revenue share basis.

Tariff Authority for Major Ports

Case No. TAMP/41/2015-VOCPT

V.O. Chidambaranar Port Trust … Applicant

QUORUM

(i). Shri. T.S. Balasubramanian, Member (Finance)

(ii). Shri. Chandra Bhan Singh, Member (Economic)

ORDER

(Passed on this 10th day of August 2015)

This case relates to the proposal dated 22 May 2015 received from V.O. Chidambaranar Port Trust (VOCPT) for fixation of reference tariff for mechanization of the cargo transfer from VOC Wharf III/ IV Berths to Wagon/ Truck loading system on license basis for 10 years period on revenue share basis.

2. It is relevant here to mention that this Authority had passed an Order no.TAMP/8/2015-VOCPT dated 21 March 2015 fixing reference tariff for mechanization of the cargo transfer from VOC Wharf III/ IV Berth to Wagon/ Truck loading system on license basis for 10 years period on revenue share basis, based on Reference Tariff under 2013 guidelines following the principles of upfront tariff guidelines of 2008 in line with clause 2.4 of the tariff guidelines of 2013 on the proposal filed by the VOCPT. The said Order was notified in the Gazette of India on 21 April 2015 vide Gazette No. 132.

3.1. Now, the VOCPT vide its letter no.MEE/P&M/ F.III/IVth Berth/2015/D.2186 dated 22 May 2015 has again come up with the proposal for fixation of reference tariff for mechanization of the cargo transfer from VOC Wharf III/ IV Berths to Wagon/ Truck loading system on license basis for 10 years period stating that only one tender was received within the extended due date of inviting bids/ offer to 27 March 2015.

3.2. The submissions made by the VOCPT in its proposal are as given below:

(i). In response to the NIT Published on 16.02.2015 for the project only one tender was received within the extended due date of 27.3.2015.

(ii). When the above was informed to the Board of Trustees of VOCPT, the Board in the meeting held on 30.03.2015 suggested to go in for re-tender for all three mechanization projects including this project after re-visiting the capacity and cost of the projects.

(iii). In view of the above, the VOCPT had a meeting with port users/prospective bidders on 17.04.2015 to obtain the views/suggestions of the prospective bidders regarding viability of the Project and suggestions were obtained. Based on the suggestions, the revised proposal is submitted to the Authority.

4. The main highlights of the proposal are summarized below:

(i). **Need for the Project:**

